LEGENDARY POETS OF ODISHA

The culture of Odisha is characterized by its rich heritage of classical arts, temple architecture, traditional music and devotion. Its tapestry of history is woven by a number of unsung cultural heroes resulting in diverse and vibrant artistic tradition.

Santha Kabi Bhima Bhoi:-

Santha Kabi Bhima Bhoi is a unique genius and spiritual poet born in the 19th Century (1850). The legend about him is so complex and mysterious that it is still not possible to say anything about him with certainty. As a result, the poet's date of birth, date of death, birth place, field of worship and life-everything is shrouded in mystery.

Bhima Bhoi was employed as a cowherd in the house of Chaitanya Pradhan of Kakanpada. One day, while herding the cows, he fell into an abandoned well near Kandhara village. He refused to take help of anybody other than the one who had thrown him into the well. Eventually, Mahima Gosain appeared at the site and served a condition that he would pick him up if he agreed to propagate his thoughts. He also blessed him with the power to write poetry.

Bhima Bhoi was a great tribal saint poet, philosopher, social reformer and a revolutionary par excellence, the founder of modern cult named Satya Mahima Dharma. Towards the end of 19th century, Saint Bhima Bhoi saved the downtrodden people from accepting Christianity. He gave a new dimension to the Hindu religion by creating the Satya Mahima Cult with substantive principles of Sanatan Dharma. It was based on the principles of non-attachment and renunciation. Under his able leadership, the cult spread like wildfire in the whole of Odisha and nearby states like Madhya Pradesh, West Bengal, Andhra Pradesh, Bihar and other parts of India.

He is a literary genius who has to his credit thousands of verses both in Odia (Kosali) and Bengali. Some of those are published in book form and some are still unpublished. His important works include Brahma Nirupana Gita, Stuti Chintamani, Astaka Bihari Gita, Chautisa Madhu Chakra and Bhajanamala. "Granthavali" published in his name, which is rated as a marvellous work of literary excellence of international repute.

His famous verse "Praninka arata, dukha apramita dekhu dekhu keba sahu, mo jibana pachhe narke padithau, jagata udhhara heu" has found a place on the walls of the United Nations and the Indian Parliament.

Bhima Bhoi and Maa Annapurna are worshipped by their devotees as God and Goddess whose Paduka Temple is enshrined in the premises of Khaliapali Samadhi Pitha. He was a young yogi and his yoga was effective par excellence. Bhima Bhoi breathed his last in Khaliapali on Shiva Chaturdasi in 1895, where his Samadhi temple is located.

Swabhaba Kabi Gangadhar Meher:-

Gangadhar Meher was born on 9th August, 1862 on Sravana Purnima at Barapalli, of present-day Bargarh District of Odisha. He was born in a weaver family and educated upto 5th class. His father Chaitanya Meher was working as a village Vaidya (Ayurvedic doctor) besides his family profession of weaving. At the age of 10, he got married to Shanta Devi.

In spite of his little education, he had read a good number of books like Raguvamsham in Sanskrit, Tulasi Ramayana in Awadhi, etc. and mastered them. He was also able to read Bengali magazines and newspapers. Due to the pecuniary condition of his family, Gangadhar Meher used to go to school in the morning and helped his father in weaving in the afternoon. His clear and beautiful handwriting also garnered attention from many people willing to get their writings transcribed by him.

The then Zamindar of Barapalli offered him the post of an Amin (Patwari). Coming to learn of amicable behaviour and good virtues of Gangadhar, the Zamindar promoted him to the post of a Moharir. He continued to serve in the said post and was transferred to Sambalpur, Bijepur and Padmapur and at last he was transferred to his native place Barapalli on a salary of Rs. 30/- per month.

Gangadhar started composing poems from a very tender age. His first writings follow the style and technique of the ancient Odia writers. His first poetic work was 'Rasa Ratnakara'. Then, being persuaded by some friends he changed his ways and wrote poems in the modern Odia style. The works produced by Gangadhar Meher are marked by vivid imagination, in beauty and clarity of language, in the novelty of style, in point of forceful character painting and in the lively description of nature from different perspective. His writings remain as some of the greatest creations in the Odia literature.

The popularity of his literary creations is due to his narration of the beauty of the nature. He was also the messenger of Upendra Bhanja's style and ideals. Just like Kabi Samrat Upendra Bhanja, his poems are replete with high ornamental words, unique composition style, using in befitting cases, similes, metaphors and appropriate words. His poems are sonorous in the rhythm of words and languages.

His poetic creations include Pranaya Ballari, Kichaka Badh, Indumati, UtkalLaxmi, Ayodhya Drusya, Kabita Kallola, Arghya Thali, Ahalya Staba, Mahima, Bharati Bhabana, Kumara Janmotsav, Bhakti Upahar, Padmini, Kabita Mala and Krushaka Sangita. His Prose creations include Atma Jeevani, Shri Nruparaj Singh, Purana Kabi Fakir Mohan, Swargiya Kashinath Panda, Ehaki Pruthibira Sabda, Sikshit, Ashikhsit & Sikshyabhimanini.

The great poet of Odia literature Gangadhar Meher breathed his last on 4th April, 1924.

When the country is entering into the Amrit Kaal, honouring the life and work of our legendary poets like Bhima Bhoi and Gangadhar Meher is an inspiration to youngsters and motivates them to take pride in our rich cultural heritage.

Department of Posts is delighted to issue a miniature sheet on legendary poets of Odisha and salute the life and work of Bhima Bhoi and Gangadhar Meher.

Credits:

Stamp/FDC/Brochure /Cancellation Cachet : Shri Brahm Prakash

Text : Based on Information received from the proponent

डाक विभाग
Department of Posts



ओडिशा के विख्यात कवि
Legendary Poets of Odisha

विवरणिका BROCHURE

ओडिशा के विख्यात कवि

ओडिशा की उदात्त संस्कृति की विशेषता है, इसकी शास्त्रीय कलाएँ, मंदिर वास्तुकला, पारंपरिक संगीत और भक्ति से जुड़ी समृद्ध विरासत। ओडिशा के समृद्ध इतिहास का यह ताना–बाना संस्कृति के क्षेत्र के कई गुमनाम नायकों ने बुना है, जिनके योगदान ने ओडिशा को विविधतापूर्ण और जीवंत कला परंपरा का उपहार दिया।

संत कवि भिम भोईः–

संत कवि भिम भोई का जन्म 19वीं शताब्दी (वर्ष 1850) में हुआ। वे एक आध्यात्मिक कवि थे, जो विलक्षण प्रतिभा के धनी थे। उनसे जुड़ी हुई किंवदंतियां इतनी जटिल और रहस्यमयी हैं कि आज भी उनके बारे में कुछ भी निश्चित रूप से कहना संभव नहीं है। इसी कारण, इनकी जन्मतिथि, पुण्यतिथि, जन्म स्थान, कर्म क्षेत्र और जीवनगाथा सब के बारे में रहस्य बना हुआ है।

भिम भोई काकनपाड़ा के चैतन्य प्रधान के यहां चरवाहे का काम करते थे। एक दिन गायें चराते समय वे कंधरा गांव के पास एक वीरान कुएं में गिर गए। उन्होंने यह निश्चय किया कि वे केवल उसकी ही मदद से बाहर आएंगे, जिसने उन्हें कुएं में गिराया है और उन्होंने किसी भी अन्य की मदद लेने से इनकार कर दिया। अंत में, उस स्थान पर महिमा गोसाईं प्रकट हुए और उन्होंने यह शर्त रखी कि यदि भिम भोई उनके विचारों का प्रचार–प्रसार करने के लिए तैयार हों, तो वे उन्हें कुएं से बाहर निकाल देंगे। इसके बाद महिमा महाराज ने भिम भोई को कविता लिखने की प्रज्ञा भी प्रदान की।

'सत्य महिमा धर्म' नामक एक आधुनिक पंथ के संस्थापक, भिम भोई महान आदिवासी संत कवि, दार्शनिक, समाज सुधारक और उत्कृष्ट कोटि के युगांतरकारी व्यक्तित्व थे। 19वीं सदी के उतरार्द्ध में संत भिम भोई ने पिछड़े व वंचित समाज को ईसाई धर्म अपनाने से रोका। उन्होंने सनातन धर्म के आधारभूत सिद्धांतों की नींव पर सत्य महिमा पंथ का प्रवर्तन कर हिंदू धर्म को एक नया आयाम दिया। उनकी शिक्षाएँ अनासक्ति और त्याग के सिद्धांतों पर आधारित थीं। भिम भोई के व्यक्तित्व के प्रभाव से यह पंथ जल्द ही पूरे ओडिशा और आसपास के राज्यों जैसे मध्य प्रदेश, पश्चिम बंगाल, आंध्र प्रदेश, बिहार और भारत के अन्य हिस्सों में भी फैल गया।

भिम भोई एक ऐसी साहित्यिक प्रतिभा रहे हैं, जिन्होंने उड़िया (कोसली) और बांग्ला दोनों भाषाओं में हजारों की संख्या में छंदों की रचना की है। इन छंदों में से कुछ पुस्तक रूप में प्रकाशित हुए हैं और कुछ अभी भी अप्रकाशित हैं। उनकी महत्वपूर्ण कृतियों में ब्रह्म निरुपण गीता, स्तुति चिंतामणि, अष्टक बिहारी गीता, चौतीसा मधु चक्र और भजनमाला शामिल हैं। भिम भोई के नाम से प्रकाशित "ग्रंथावली" को, साहित्यिक उत्कृष्टता के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रसिद्धि प्राप्त है।

उनकी प्रसिद्ध कविता "प्रणिका अराता, दुख अप्रमिता देखु देखु केबा साहू, मो जीबन पाछे नरके पड़िथौ, जगत उद्धार हेउ" को संयुक्त राष्ट्र और भारतीय संसद की दीवारों पर प्रदर्शित किया गया है।

भिम भोई और माँ अन्नपूर्णा को उनके भक्त, देवी–देवता के रूप में पूजते हैं, जिनका पादुका मंदिर, खलियापाली समाधि पीठ परिसर में स्थापित किया गया है। भिम भोई अत्यंत प्रभावशाली यौगिक शक्ति सम्पन्न युवा योगी थे। उन्होंने वर्ष 1895 में शिव चतुर्दशी के दिन खलियापाली में अपनी सांसारिक यात्रा पूरी की, वहीं उनका समाधि मंदिर भी स्थित है।

स्वभाव कवि गंगाधर मेहेरः–

गंगाधर मेहेर का जन्म 9 अगस्त, 1862 को श्रावण पूर्णिमा के दिन ओडिशा के वर्तमान बरगढ़ जिले के बारापल्ली में हुआ। उनका जन्म एक बुनकर परिवार में हुआ और उनकी शिक्षा दीक्षा 5वीं कक्षा तक ही हो पाई थी। गंगाधर के पिता चैतन्य मेहेर बुनाई के अपने पारिवारिक पेशे के अलावा एक ग्रामीण वैद्य (आयुर्वेदिक चिकित्सक) के रूप में भी काम करते थे। 10 वर्ष की आयु में उनका विवाह शांता देवी से हो गया।

अल्प–शिक्षित होने के बावजूद, गंगाधर मेहेर ने संस्कृत में रघुवंशम, अवधी में तुलसी रामायण आदि जैसी विभिन्न पुस्तकों का गहन अध्ययन किया और उन पर महारत हासिल की। इसके अलावा, वे बांग्ला पत्रिकाएँ और समाचार पत्र भी पढ़ सकने में सक्षम थे। अपने परिवार की विपन्न आर्थिक स्थिति के कारण गंगाधर मेहेर सुबह स्कूल जाते और दोपहर में बुनाई के काम में अपने पिता की मदद करते। अपनी स्पष्ट और सुंदर लिखावट के कारण उन्होंने तमाम ऐसे लोगों का ध्यान अपनी ओर खींचा, जिन्होंने अपनी रचनाएँ उनसे लिपिबद्ध करवाने की इच्छा जाहिर की।

बरपल्ली के तत्कालीन जमींदार ने उन्हें अमीन (पटवारी) का पद देने का प्रस्ताव दिया। गंगाधर के मिलनसार व्यवहार और सद्गुणों के कारण जमींदार ने उन्हें मोहर्रिर के पद पर पदोन्नत किया। तदुपरान्त, गंगाधर उक्त पद पर कार्यरत रहे और उन्हें संबलपुर, बिजेपुर और पद्मपुर में स्थानांतरित किया गया और अंत में उन्हें 30/– रुपये प्रति माह के वेतन पर उनके पैतृक स्थान बरपल्ली में स्थानांतरित कर दिया गया।

गंगाधर ने बहुत छोटी उम्र से ही कविताएँ लिखना आरंभ कर दिया था। उनका आरंभिक लेखन प्राचीन उड़िया लेखकों की शैली और तकनीक के अनुरूप था। उनकी पहली काव्य कृति 'रस रत्नाकर' थी। तत्पश्चात, कुछ मित्रों के समझाने पर उन्होंने अपनी शैली में परिवर्तन किया और आधुनिक उड़िया शैली में कविताएँ लिखीं। गंगाधर मेहेर की रचनाओं में उदात्त कल्पनाशीलता, सुंदर और स्पष्ट भाषा, नवीन शैली, सशक्त चरित्र चित्रण और प्रकृति के जीवंत वर्णन के विभिन्न आयाम झलकते हैं। उनकी रचनाएँ उड़िया साहित्य की महानतम कृतियों में शामिल हैं।

प्रकृति के सौन्दर्य का वर्णन गंगाधर मेहेर की साहित्यिक रचनाओं की लोकप्रियता का आधार है। वे कवि सम्राट उपेन्द्र भंज की शैली और आदर्शों के अग्रदूत भी थे। उपेन्द्र भंज की तरह ही गंगाधर की कविताओं में भी आलंकारिक शब्दावली, अनूठी सृजन शैली, वर्णन प्रधानता, उपमाओं, रूपकों और सम्यक शब्द संसाधनों का भरपूर प्रयोग किया गया है। उनकी कविताएँ शाब्दिक और भाषायी स्तर पर एक लयबद्ध अनुगूँज से परिपूर्ण हैं।

उनकी काव्य रचनाओं में प्रणय बल्लरी, कीचक वध, इंदुमती, उत्कल लक्ष्मी, अयोध्या दृश्य, कबिता कल्लोल, अर्घ्य थाली, अहल्या स्तबा, महिमा, भारती भावना, कुमार जन्मोत्सव, भक्ति उपहार, पद्मिनी, कबिता माला और कृषक संगीत शामिल हैं। उनकी गद्य रचनाओं में आत्म जीवनी, श्री नृपराज सिंह, पुराण कवि फकीर मोहन, स्वर्गीय काशीनाथ पांडा, एहाकी प्रुथिबिरा सब्दा, शिक्षित, अशिक्षित और शिक्षाभिमानिनी शामिल हैं।

उड़िया साहित्य के महान कवि गंगाधर मेहेर का 4 अप्रैल, 1924 को निधन हो गया।

आज जब देश अमृत काल में प्रवेश कर रहा है, तो भिम भोई और गंगाधर मेहेर जैसे हमारे महान कवियों के जीवन और रचनाकार्य को सम्मानित करने से हमारी युवा पीढ़ी प्रोत्साहित होगी और उन्हें हमारी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत पर गर्व करने की प्रेरणा प्राप्त होगी।

डाक विभाग, भिम भोई तथा गंगाधर मेहेर पर एक मिनियेचर शीट जारी करते हुए प्रसन्नता का अनुभव करता है और ओडिशा के इन सुप्रसिद्ध कवियों के जीवन और कृतित्व को नमन करता है।

आभारः–

डाक टिकट/प्रथम दिवस आवरण/विवरणिका/विरूपण कैशे : श्री ब्रह्म प्रकाश

पाठ : प्रस्तावक से प्राप्त सूचना के अधार पर।

तकनीकी आंकड़े
TECHNICAL DATA

मूल्य	:	1000 पैसे, 1000 पैसे
Denomination	:	1000 p,1000p
सोवीनियर शीट मुल्य	:	2000 पैसा
Souvenir Sheet Price	:	2000 p
मुद्रित सोवीनियर शीट	:	1.11 लाख
Souvenir Sheets Printed	:	1.11 Lakh
मुद्रण प्रक्रिया	:	वेट ऑफसेट
Printing Process	:	Wet Offset
मुद्रक	:	प्रतिभूति मुद्रणालय, हैदराबाद
Printer	:	Security Printing Press, Hyderabad

The philatelic items are available for sale at Philately Bureaus across India and online at http:/www.epostoffice.gov.in/PHILATELY_3D.html

© डाक विभाग, भारत सरकार। डाक टिकट, प्रथम दिवस आवरण तथा सूचना विवरणिका के संबंध में सर्वाधिकार विभाग के पास है।

© Department of Posts, Government of India. All rights with respect to the Stamps, Miniature Sheets, First Day Cover and Information Brochure rest with the Department.

मूल्य ₹ 5-00